# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***, Phone : ***0135-2665366***(O)


विज्ञप्ति संख्याः 21/2025 दिनांकः 08 जून, 2025

## उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त पदों की दिनांक 08 जून 2025 (रविवार) को आयोजित लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजिका सम्बन्धी विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 08 जुलाई, 2025 (रविवार) समय प्रातः 10.00 से अपरान्ह 12.00 बजे तक आयोजित उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में समूह 'ग' के अन्तर्गत सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त पदों की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र की चारों उत्तर कुजियों (A,B,C&D) को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.ukmssb.org पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है, जो दिनांक 14 जून 2025 तक बोर्ड की उक्त आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न पत्र की चारों सीरीज के किसी उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है, तो वह ऑनलाईन माध्यम से आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी को उनके पंजीकरण संख्या (Registration Number) तथा पासवर्ड अंकित कर लॉग–ईन करना होगा। इसके उपरान्त ऑनलाईन उत्तर कुंजी आपत्ति पोर्टल (Answer Key objection) में प्रश्न पत्र सैट अंकित कर प्रश्न संख्या चयनित कर साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। शासन के पत्र संख्या 191689/XXVIII–1/2024/E.No.–67456 दिनांक 19 फरवरी 2024 द्वारा अभ्यर्थी किसी प्रश्न के उत्तर में आपत्ति दर्ज करने हेतु शुल्क के रुप में प्रति प्रश्न रु0 50.00 ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी शुल्क जमा नहीं करते हैं तो उनकी दर्ज की गई आपत्ति पर कोई विचार–विमर्श नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी प्रश्न पत्र के किसी भी प्रश्न में आपत्ति **दिनांक 14 जून 2025 रात्रि 23.59.59 तक** दर्ज कर सकते है, इसके उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। प्रश्न पत्र के उत्तर में आपत्ति मात्र ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त की जायेगी अन्य किसी माध्यम से दर्ज आपत्ति पर विचार–विमर्श नहीं किया जायेगा।

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव